## महत्वपूर्ण एवं खास

### रायगढ़ में लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस ने अर्द्धसैनिक बलों के साथ निकाला फ्लैग मार्च

**रायगढ़।** लोकसभा चुनाव 2024 के तीसरे चरण में 07 मई को जिले में मतदान होना है। चुनाव कार्य के लिए जिले में अर्द्धसैनिक बलों की कंपनियों के आने का सिलसिला जारी है जिनके ठहरने हेतु अलग-अलग थानाक्षेत्र में व्यवस्था की गई है। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल एवं पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा-निर्देशन पर आज जिले के सभी थानाक्षेत्र अंतर्गत राजपत्रित पुलिस अधिकारियों व थाना/चौकी प्रभारियों ने अर्धसैनिक बल के जवानों ने साथ शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में पैदल फ्लैग मार्च निकाला गया। पुलिस अधिकारियों ने फ्लैग मार्च दौरान नागरिकों को भय मुक्त होकर मतदान दिवस 07 मई को अधिक से अधिक मतदान करने का संदेश दिया गया। जिला मुख्यालय में पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल की अगुवाई में शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर सुरक्षा बलों ने फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य जिले के नागरिकों को सुरक्षा का बोध कराना एवं असामाजिक तत्वों तक संदेश पहुंचाना है कि शांति व्यवस्था को प्रभावित करने की हिमाकत न करें। जिले में शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने जिला प्रशासन, पुलिस व पैरामिलिट्री फोर्स पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध व तत्पर है।

### 85 वर्षीय बुजुर्ग और दिव्यांग 1 और 3 मई को कर पाएंगे घर बैठे मतदान

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत रायगढ़ और जांजगीर चांपा संसदीय क्षेत्र में घर बैठे (होम वोटिंग) डाकमत से मतदान के लिए कलेक्टर एवं निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू के निर्देश पर जिले के ऐसे 85 वर्ष और उससे अधिक उम्र के बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाता जिन्होंने घर पर ही मतदान करने के लिए सहमति पत्र का आवेदन भरा है, उन सभी चिन्हित मतदाता के लिए 12 जिला निर्वाचन दल 1 और 3 मई को मतदान कराने के लिए उनके घर के पते पर जाएंगे। रायगढ़ लोकसभा में ऐसे 68 मतदाता हैं, जिनके लिए 9 मतदान दल बनाया गया है। इसी प्रकार जांजगीर चांपा लोकसभा में 15 मतदाता हैं, जिनके लिए 3 मतदान दल बनाया गया है। कलेक्टर ने सभी सहमति पत्र भरने वाले मतदाताओं से अपील किया है कि वे 1 और 3 मई को अपने घर पर रहें ताकि मतदान दल उनके घर आएं तो उनके द्वारा डाकमत के माध्यम से मतदान कार्य किया जा सके। इन मतदान दलों में एक सेक्टर अधिकारी, दो मतदान अधिकारी, एक माइक्रो ऑब्जर्वर, एक रूट प्रभारी (पटवारी), एक वीडियोग्राफर, एक सुरक्षाकर्मी और एक वाहन चालक शामिल है। निर्वाचन दल द्वारा प्रथम विजिट 1 मई को यह कार्य करेंगे और छूटे हुए लोगों के लिए दूसरा विजिट 3 मई को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक करेंगे।

### राजभवन के पास पलटी ई-रिक्शा

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी रायपुर में राजभवन के गेट नंबर एक के समाने दोपहर लगभग 2.30 से 3.00 बजे एक ई रिक्शा दुर्घटनाग्रस्त होकर पलट गई जिसमें सवार जानकी यादव एक बुजुर्ग महिला और वाहन चालक विदुर महानंद के गिर जाने से दोनों को गंभीर रूप से चोटे आई। दोनों घायल दर्द के मारे कहार रहे थे और घटना स्थल में भीड़ लगी हुई थी तभी वहां से गुजर रहे अधिवक्ता भगवानू नायक एवं भाजपा नेता प्रदीप साहू ने अपनी कार रोककर तत्काल घटना स्थल पहुंचे और 112 को सूचना देकर तुरंत एंबुलेंस मंगाया और दोनों घायलों को को एंबुलेंस में डालकर भीमराव अंबेडकर चिकित्सालय के लिए रवाना किया। इस वक्त काफी संख्या में लोग इक_ा हो गए थे राजभवन के सुरक्षा कर्मी और पुलिस अधिकारीगण भी मौजूद थे। घायल बुजुर्ग महिला जानकी यादव ने सूरज नगर, लाभांडी रायपुर और ई रिक्शा चालक विदुर महानंद ने कबीर नगर निवासी बताया। इस दौरान भगवानू नायक ने वाहन को धीरे चलाने की नागरिकों से अपील करते हुए कहा सडक़ दुर्घटना में घायलों की मदद करना मानवता और नैतिक दायित्व है।

# लोकसभा निर्वाचन-2024 : नटवर स्कूल में चल रहे मतदान दल के प्रशिक्षण का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**❒ अच्छे से करें मतदान प्रक्रिया का प्रशिक्षण, होगा निर्वाचन कार्य आसान-कलेक्टर कार्तिकेया गोयल**

रायगढ़





सामान्य प्रेक्षक आईएएस डॉ.अंशज सिंह की उपस्थिति में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल ने आज नटवर अंग्रेजी माध्यम स्कूल में चल रहे जिला स्तरीय मतदान दलों के तृतीय प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर गोयल ने प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि सभी प्रक्रिया का अच्छे से प्रशिक्षण प्राप्त करें एवं पर्याप्त हैण्डऑन प्रेक्टिस करें जिससे निर्वाचन कार्य आसान होगा।

उल्लेखनीय है कि नटवर अंग्रेजी माध्यम स्कूल में रायगढ़ विधानसभा के क्षेत्र के पीठासीन अधिकारी मतदान अधिकारी क्रमांक 1, 2, 3 को जिला स्तरीय एवं विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर द्वारा मतदान प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय, एसडीएम खरसिया डॉ.प्रियंका वर्मा, नायब तहसीलदार गिरीश निम्बालकर, बीईओ शैलेश देवांगन उपस्थित रहे।

कलेक्टर गोयल ने सभी प्रशिक्षणार्थियों से कहा की दल के सभी सदस्यों को निर्वाचन प्रक्रिया की भलीभांति जानकारी होना चाहिए, ताकि गलती की कोई गुंजाइश न रहे। उन्होंने कहा कि मॉकपोल के पश्चात सीआरसी करना तथा निर्वाचन समाप्त होने के पश्चात क्लोज करना ना भूले, यह महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि मतदान दिवस पर समय का विशेष ध्यान रखा जाए, सभी दल सुनिश्चित करें कि वास्तविक मतदान 7 बजे से प्रारंभ हो जाए। उन्होंने मशीनों की सुरक्षा के संबंध में कहा की ईवीएम मशीनों में सबसे संवेदनशील वीवीपैट मशीन है, मतदान दिवस पर वीवीपैट को कमरे में रखने के पूर्व लाईट और सूर्य की रोशनी का बेहतर अवलोकन कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि मतदान दिवस पर 543 मतदान केन्द्रों में सीसीटीवी कैमरे से भी निगरानी की जाएगी।

कलेक्टर गोयल ने प्रशिक्षणार्थियों से कहा की ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर मतदान दलों को मेडिकल किट के साथ ही मतदान केंद्रों में कूलर, पेयजल एवं शेड की व्यवस्था की जा रही है। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से चैलेंज वोट, मशीनों के फिटिंग, रिप्लेस, सीलिंग, मॉक पोल, मतदान समय, टेस्ट वोट, सीआरसी जैसे मतदान प्रक्रिया से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे। उन्होंने कहा कि मतदान दिवस पर सभी समय का ध्यान रखते हुए वोटिंग कार्य तेजी से करेंगे ताकि भीड़ की स्थिति से निपटते हुए नियत समय में शत-प्रतिशत मतदान किया जा सके। उन्होंने मतदान दलों को अग्रिम बधाई देते हुए कहा कि लोक सभा निर्वाचन को सफलता पूर्वक संपन्न कराने के बाद सभी दल सुरक्षित मतदान केन्द्र तक पहुंचे।

**सामान्य प्रेक्षक एवं कलेक्टर पहुंचे सुविधा केन्द्र, ली जानकारी**

सामान्य प्रेक्षक आईएएस डॉ.अंशज सिंह एवं कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने आज सृजन सभाकक्ष में बनाये गये सुविधा केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदाता सुविधा एवं सूचना के संबंध में जानकारी ली। मौके पर उन्होंने पंजी संधारण का अवलोकन किया एवं मतदाताओं के संबंध में जानकारी ली। डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल ऑफिसर डाकमत पत्र महेश शर्मा ने बताया कि 29 अप्रैल की स्थिति में 359 अधिकारी-कर्मचारी मतदान कर चुके है। साथ ही 800 से अधिक वोटरों को मतदान तिथि के संबंध में सूचना दी जा चुकी है। उन्होंने बताया कि मतदान कार्य में संलग्न 5200 कर्मचारियों को इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट (ईडीसी)भी जारी किया गया है। जो मतदान दिवस 7 मई को मतदान केन्द्र पर ईवीएम, वीवीपैट द्वारा मतदान करेंगे। कलेक्टर गोयल ने सभी से मताधिकार का उपयोग करने की अपील की है।

## सीएमएचओ ने शहरी प्राथमिक केन्द्र जेलपारा में मितानिनों सहित इलाज हेतु आए मरीजों को दिलाई शत-प्रतिशत मतदान हेतु शपथ

रायगढ़





कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बी.के.चंद्रवंशी द्वारा आज शहरी प्राथमिक केन्द्र जेलपारा में लोकसभा निर्वाचन-2024 में मतदाता जागरूकता के तहत उपस्थित अधिकारी-कर्मचारी, मितानिनों सहित ईलाज हेतु आये हुए मरीजों को शपथ दिलाई गई।

शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा टीकाकरण, ए.एन.सी. जांच, प्रसव, सिकल सेल जांच, लू से बचने के उपाय बताये गये। ड्यूटी रोस्टर 24&7 के अनुसार अपने निर्धारित समय तथा ड्रेस कोड के अनुसार मुख्यालय में निवासरत होकर कार्य करने तथा लक्ष्य के अनुरूप संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने हेतु निर्देशित किया गया। समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों में दिये गये लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि हासिल करने के निर्देश दिये गये। लू से बचाव हेतु बार-बार पानी का उपयोग करें और शरीर को ढककर रखने तथा अति आवश्यक होने पर ही घर से बाहर जाने के निर्देश दिये गये। छूटे हुए आयुष्मान कार्डों को बनाने के निर्देश दिये। अस्पताल में मरीजों के साथ चिकित्सकों तथा अन्य स्टॉफ को शालीनता पूर्वक व्यवहार करने हेतु निर्देश दिये गये।

'घर आजा संगी' कार्यक्रम

## प्रवासी श्रमिकों को मतदान के लिए किया जा रहा प्रेरित

**❒ लैलूंगा के सुरक्षित पैकरा मतदान के लिए पहुंचे निवास स्थान, पुष्पगुच्छ देकर किया गया सम्मानित**

रायगढ़



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल के निर्देशन तथा सीईओ एवं नोडल आधिकारी स्वीप जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में जिले में 'घर आजा संगी' कार्यक्रम चलाया जा रहा हैं। जिसके तहत जिले के चारों विधानसभा में निवासरत ऐसे श्रमिक जो कार्य करने हेतु अन्य राज्यों में गए हैं, उन्हें फोन कॉल के माध्यम से संपर्क कर 7 मई को होने वाले लोकसभा निर्वाचन में अपने बहुमूल्य मताधिकार के प्रयोग के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

'घर आजा संगी' कार्यक्रम के तहत लैलूंगा में लगातार ऐसे श्रमिकों की जानकारी प्राप्त कर बीएलओ उनके रिश्तेदारों से संपर्क कर उन्हें कॉल कर आगामी 7 मई को होने वाले मतदान में अपने मत का उपयोग के लिए प्रेरित कर रहे हैं, ताकि शत-प्रतिशत मतदान के साथ कोई भी अपने मताधिकार से वंचित न रहे। इसी कड़ी में गुजरात में कार्य करने वाले लैलूंगा के ग्राम पंचायत टूरटूरा निवासी सुरक्षित पैकरा जो पिछले विधानसभा में अपने मताधिकार का उपयोग से वंचित रह गए थे, उन्हे 'घर आजा संगी' कार्यक्रम के तहत संपर्क कर मतदान के लिए फोन कर प्रेरित किया गया, जिससे वे अपने मताधिकार का उपयोग कर सकें। वे बीते दिनों अपने घर पहुंचे। उनके आने पर टीम द्वारा उनका सम्मान किया गया। पैकरा ने कहा कि आगामी लोकसभा निर्वाचन में अपना मतदान अवश्य करेंगे। इसी प्रकार ग्राम पंचायत टूरटूरा के ही गुजरात में कार्यरत जगन्नाथ पैकरा को उनकी पत्नी बसंती पैकरा के माध्यम से संपर्क करने पर पैकरा ने कहा कि वे निर्वाचन प्रक्रिया में भागीदार बनने और वोट करने जरूर आने की बात कही।

सीईओ जनपद पंचायत लैलूंगा प्रेम सिंह मरकाम ने बताया कि टीम के माध्यम से ऐसे प्रवासी श्रमिकों को ट्रेस कर उन्हें मतदान के लिए प्रेरित कर अपने मताधिकार के उपयोग हेतु आमंत्रित किया जा रहा हैं। जिसमें बीएलओ सुरेंद्र पैकरा, एडीओ बिहान जे.के.तिर्की, रोजगार सहायक मोहनी पैकरा लगातार कार्य कर रहे हैं। उल्लेखनीय हैं कि घर आजा संगी मतदान करे बर कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के माध्यम से काम करने दूसरे राज्यों में गए श्रमिकों को अपने लोकतांत्रिक अधिकार का उपयोग करने और चुनाव में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा हैं।

## जिले के सभी स्कूलों में हुआ विशेष पालक-शिक्षक सम्मेलन

**❒ शिक्षक-पालक सम्मेलन में पालको को दिलाई गई शत-प्रतिशत मतदान की शपथ**

रायगढ़



आने वाले समय में विभिन्न बोर्ड परीक्षाओं के परीक्षा परिणाम घोषित किए जाएंगे। इसको ध्यान में रखते हुये छतीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग के आदेशानुसार कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में आज रायगढ़ जिले के सभी शालाओं में विशेष शिक्षक-पालक शिक्षक सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के अध्ययनरत विद्यर्थियों के पालकों को आमंत्रित किया गया। विशेष कर कक्षा 10 वीं और 12 वीं के अध्ययनरत बच्चों के पालकों को सम्मेलन में आमंत्रित किया गया था। विशेष पीटीएम सम्मेलन में परीक्षा परिणाम आने के पूर्व या आने के बाद बच्चों में कुछ विशेष परिवर्तन आता है, इसकी जानकारी पालकों को दी गई, साथ ही बच्चों के साथ इन परीक्षा परिणाम के दिनों में किस तरह का व्यवहार किया जाय इसके बारे में पालकों को विस्तार से बताया गया। बच्चों को अनावश्यक दबाव न बनाना, साथियों के साथ तुलना न करना, कम अंक लाने पर उलाहना न देना, अनुतीर्ण होने पर बुरा भला न कहना जैसे सलाह पालकों को दिया गया। ज्ञात हो इसके लिए माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर ने पालकों के लिए इस स्थिति से निपटने एवं सलाह देने के लिये टोल फ्री नम्बर 1800 23 34363 जारी किया है, जो दिनांक 01 मई से 15 मई 2024 तक क्रियाशील रहेगा। साथ ही मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाइन नम्बर 14416 पर 24&7 सम्पर्क कर नि:शुल्क परामर्श प्राप्त करने के लिये पालकों को बताया गया। पालकों को सलाह दी गई कि बच्चों में कोई भी अनियमित व्यवहार हो तो बच्चे के साथ मित्रवत व्यवहार करते हुये, किसी मनोचिकित्सक से सलाह लेने या टोल फ्री नम्बर 1800 23 34363 से सलाह लेने हेतु कहा गया।

30 अप्रैल सत्र 2023-24 का अंतिम दिवस था, इसलिये बच्चों को उनके वार्षिक परीक्षा परिणाम भी वितरित किया गया एवं ग्रीष्मावकाश के दौरान घर में करने के लिये गृह कार्य दिये गये। पीटीएम समाप्ति उपरांत उपस्थित पालकों को संस्था प्रमुख द्वारा आगामी 07 मई 2024 को लोकसभा चुनाव 2024 में अपने मतदान केंद्र पर अपने परिवार के साथ जाकर शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए शपथ दिलाई गई।

## महुआ बटवारा को लेकर बेटे ने मां के साथ की मारपीट, डंडे की गंभीर चोट से महिला की मौत

**❒ कापू पुलिस ने आरोपित युवक को हत्या के अपराध में गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर**

**❒ कापू के ग्राम धौराडांड़ की घटना**


रायगढ़

दिनांक 29/04/2024 के सुबह थाना प्रभारी कापू निरीक्षक नारायण सिंह मरकाम को ग्राम धौराडांड़ में एक महिला की हत्या को सूचना प्राप्त हुई। थाना प्रभारी तत्काल अपने स्टाफ के साथ ग्राम धौराडांड़ पहुंचे। जहां सुखलाल बैगा के मकान में ढरको बाई बैगा (55 वर्ष) का शव पड़ा मिला। घटना के संबंध में मृतिका का पति चमरू राम बैगा (60 वर्ष) ने बताया कि इसका लड़का जनेव सिंह बैगा (30 वर्ष) अपनी पत्नि के साथ अलग रहता है। ये लोग खेत के महुआ को बीनने के बाद आपस में महुआ का बटवारा नहीं किये थे। 28 अप्रैल को महुआ बटवारा को लेकर जनेव बैगा और उसकी मां ढरको बाई के बीच झगड़ा लड़ाई हुआ था। रात्रि खाना खाकर सब अपने-अपने कमरे में सोये थे। रात्रि करीब 11.00 बजे जनेव सिंह बैगा द्वारा महुआ बटवारा की बात को लेकर लकड़ी का डंडा से ढरको बाई से मारपीट कर रहा था, बीच बचाव किये तो जनेव राम घर से भाग गया। मारपीट से ढरको बाई के सिर पर आयी गंभीर चोंट से कुछ देर बाद ही ढरको बाई बैगा की मौत हो गई। रिपोर्टकर्ता चमरू राम बैगा के रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर शव पंचनामा कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया। थाना प्रभारी द्वारा घटनास्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य की जप्ती कर आरोपित जनेव राम बैगा के विरूद्ध हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर तत्काल आरोपित की पतासाजी कर हिरासत में लिया गया जिससे पूछताछ कर आरोपित के मेमोरेंडम पर पांच लकड़ी का डंडा जप्त कर आरोपी को थाना लाया गया। आज आरोपित जनेव राम बैगा को कापू पुलिस द्वारा हत्या के अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश मरकाम व अनुविभागीय पुलिस अधिकारी धरमजयगढ़ सिद्धांत तिवारी के मार्गदर्शन पर हत्या के गंभीर अपराध में त्वरित कार्रवाई कर आरोपी की पतासाजी/गिरफ्तारी में थाना प्रभारी कापू निरीक्षक नारायण सिंह मरकाम एवं हमराह स्टाफ की विशेष भूमिका रही है।

## कारखानों में कार्यरत मतदाताओं को मतदान तिथि का मिलेगा सवैतनिक अवकाश

**❒ कारखाने में सातों दिन कार्य करने वाले प्रथम एवं द्वितीय पॉली के श्रमिकों को मतदान के दिन मिलेगा 02-02 घंटे का अवकाश**

सारंगढ़ बिलाईगढ़



भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देश के तहत् लोकसभा निर्वाचन, 2024 हेतु नियत मतदान तिथि में कारखाना अधिनियम, 1948 तथा छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना अधिनियम, 1953 के अंतर्गत आने वाले कारखानों, संस्थाओं के स्थापनाओं में कार्यरत प्रत्येक श्रमिक, कर्मचारियों को छत्तीसगढ़ राज्य के संसदीय क्षेत्र में मतदान की तिथि को राज्य शासन द्वारा सवेतन अवकाश घोषित किया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य के संसदीय क्षेत्र सरगुजा, रायगढ़, जांजगीर-चांपा, कोरबा, बिलासपुर, दुर्ग और रायपुर में 7 मई को मतदान होना है।

राज्य शासन द्वारा ऐसे कारखाने जो सप्ताह में सातों दिन कार्य करते है, वहां प्रथम एवं द्वितीय पॉली के श्रमिकों को मतदान के दिन को 02-02 घंटे का अवकाश घोषित किया गया है तथा जो कारखाने निरंतर प्रक्रिया के अंतर्गत आते हैं, उनमें काम करने वाले श्रमिकों को बारी-बारी से मतदान करने की सुविधा दिये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।इसी प्रकार पड़ोसी राज्य के बहुत से मतदाता जो छत्तीसगढ़ में निजी या सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, दुकान, औद्योगिक उपक्रम या कारोबार-व्यवसाय में नियोजित है, ऐसे नियोजित और कार्यरत संबंधितों को भी उनके गृह राज्य के मतदान दिवस के दिन सवैतनिक अवकाश घोषित किया गया है।

## लोकसभा निर्वाचन-2024 : स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता के लिए चलाया गया हस्ताक्षर अभियान, शत-प्रतिशत मतदान हेतु ली गई शपथ

**❒ घर आजा संगी:7 मई मतदान के लिए जिले के प्रवासी श्रमिकों से संपर्क कर प्रेरित कर रहे**

रायगढ़





लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत स्वीप कार्यक्रम के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल के निर्देशन तथा सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल अधिकारी जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत पुसौर में मतदाता जागरूकता के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस दौरान सीईओ यादव ने शत-प्रतिशत मतदान हेतु उपस्थित लोगों को शपथ भी दिलाई। सीईओ यादव ने जनपद पंचायत पुसौर के सभाकक्ष में बैठक लेकर अधिकारी-कर्मचारियों को चुनाव का पर्व, देश का गर्व के तहत मतदान प्रक्रिया में भाग लेकर मतदाता होने पर गर्व महसूस करने की बात कही। इस दौरान उन्होंने मतदान के महत्व को समझाया सभी को मतदान हेतु प्रेरित करने की बात कही। बैठक के दौरान सीईओ यादव ने जिल के ऐसे श्रमिक जो कार्य करने हेतु अन्य राज्यों में गए हैं, उन्हें फोन कॉल के माध्यम से संपर्क कर 7 मई को होने वाले लोकसभा निर्वाचन में अपने बहुमूल्य मताधिकार के प्रयोग के लिए प्रेरित करने की बात कही।

**मतदान केंद्रों पर उपलब्ध कराएं दिव्यांगों एवं वृद्धजनों के लिए आवश्यक सुविधाएं**

सीईओ यादव ने मतदान केन्द्रों में दिव्यांगों एवं वृद्धजनों के लिए आवश्यक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके लिए मतदान केन्द्रवार ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, नगरीय निकायों की कार्ययोजना तैयार करें। दिव्यांगजन एवं वृद्धजन मतदाता के लिए मतदान दिवस पर आवागमन व्यवस्था के लिए उपलब्धता सुनिश्चित करें। प्रत्येक पोलिंग बूथ पर पेयजल, धूप से बचने के लिए शेड, मेडिकल किट, शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

**7 मई मतदान के लिए जिले के प्रवासी मजदूरों को किया गया वीडियो कॉलिंग**

शत-प्रतिशत मतदान की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले में 'घर आजा संगी' कार्यक्रम चलाया जा रहा हैं। इसी कड़ी में 2 हजार प्रवासी श्रमिकों को वीडियो कॉल के माध्यम से आगामी लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए 7 मई को होने वाले मतदान के दिन अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया गया।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480